अदा ने 40 घंटे तक नहीं पिया था पानी
डिहाइड्रेशन से होंठ फट गए थे; -16 डिग्री में शूटिंग करना नहीं था आसान

द केरला स्टोरी से सुर्खियां बटोर रहीं एक्ट्रेस अदा शर्मा ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अदा के चेहरे और बॉडी पार्ट्स पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। अदा ने इन तस्वीरों के साथ लिखा है कि कैसे इतने खराब मौसम में उन्होंने अपनी शूटिंग पूरी की।

अदा के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग माइनस 16 डिग्री में की गई थी। उनके होंठ सूख कर फट गए थे। इसका कारण ये था कि उन्होंने 40 घंटे तक पानी ही नहीं पिया था। हालांकि अदा अब अपनी इस मेहनत को सार्थक मान रही हैं।

अदा ने सोशल मीडिया पर लिखा- माइनस 16 डिग्री में 40 घंटे तक डिहाइड्रेट रहने का परिणाम मेरे ऐसे फटे-फटे होंठ हैं। जमीन पर गिरने के लिए गद्दे रखे हुए थे, लेकिन मैंने उसका यूज नहीं किया। इसकी वजह से घुटने और कोहनी छिल गई। आखिरी तस्वीर में आप देख सकते हैं कि मैंने मुट्ठी भर नारियल का तेल अपने बालों में लगाया हुआ है। इसके अलावा सेफ्टी पिन और टाइट चोटी बनाई हुई है।

अदा का कहना है कि फिल्म के एक सीन में जब ISIS के लोग उनका पीछा करते हैं और वे थक कर जमीन पर गिर जाती हैं। उस सीन के लिए उन्होंने किसी गद्दे का इस्तेमाल नहीं किया था। सीन बिल्कुल असली लगे इसके लिए वे जमीन पर ही गिर गईं।

मामूली बजट में बनी फिल्म की कमाई 225 करोड़ के पार

द केरला स्टोरी को रिलीज हुए अब एक महीने होने को है, लेकिन फिल्म अभी भी अच्छी कमाई कर रही है। आज के वक्त में जहां फिल्में दो या तीन हफ्ते में उतर जाती हैं वहीं द केरला स्टोरी का शानदार रन जारी है।

प्रेग्नेंसी में रेप जैसे सीन बहुत मुश्किल से शूट हुए

अदा ने फिल्म में काफी बोल्ड किरदार निभाया है। फिल्म में उनके निभाए किरदार के साथ बर्बरता दिखाई गई है। उनके किरदार के साथ रेप और मारपीट जैसी घटना दिखाई गई है।

अदा ने बात करते हुए कहा था कि फिल्म में कुछ सीक्वेंस ऐसे थे, जिन्हें शूट करने में काफी कठिनाई आई थी। अदा के मुताबिक, फिल्म में बहुत डरावने सीन भी हैं। एक जगह प्रेग्नेंसी में ही रेप सीन दिखाया गया है, ऐसी चीजें बड़ी मुश्किल से शूट हुईं।

अदा ने कहा कि चेहरा डरावना लगे इसके लिए उन्हें घंटों मेकअप करने पड़ते थे। उन्होंने कहा-शालिनी के किरदार के लिए 15 मिनट में कुर्ता और जींस पहनकर तैयार हो जाती थीं।

चूंकि फिल्म के बैकग्राउंड में अफगानिस्तान का सीन दिखाना था। वहां गर्मी स्किन को जला देती है। ऐसे में उस डरावने चेहरे के लिए एक से डेढ़ घंटा मेकअप में लगता था। इतना ही समय मेकअप हटाने के लिए भी लगता था।

ओटीटी के बाद थिएटर्स में रिलीज हुई सिर्फ एक बंदा..: ऐसा करने वाली पहली फिल्म; मनोज बाजपेयी बोले- लोगों की डिमांड को पूरा किया

मनोज बाजपेयी की फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है अब थिएटर्स में भी रिलीज हो गई है। ओटीटी के बाद थिएटर्स में रिलीज होने वाली ये पहली फिल्म है। जाहिर है कि 23 मई को फिल्म जी5 पर स्ट्रीम होनी शुरू हुई थी। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर फिल्म को लेकर जबरदस्त रिस्पॉन्स सुनने और देखने को मिल रहा था।

फिल्म के मेकर्स काफी दिनों से इसे थिएटर्स में रिलीज करने की बात कर रहे थे। अब दिल्ली, मुंबई और यूपी सहित देश के पांच राज्यों में फिल्म को रिलीज किया गया है। मनोज बाजपेयी ने कहा कि लोगों की काफी ज्यादा डिमांड थी कि इसे थिएटर्स में रिलीज किया जाए, इसलिए उनकी भावनाओं का सम्मान किया गया है।

ओटीटी के बाद इसे थिएटर्स में क्यों देखना, मनोज ने दिया जवाब

मनोज बाजपेयी से पूछा गया कि ओटीटी पर आने के बाद इसे थिएटर्स में कोई क्यों देखना चाहेगा। जवाब में उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए कहा- फिल्म का थिएटर्स में रिलीज होना एक संदेश देता है।

सोशल मीडिया पर लोगों की हैवी डिमांड थी कि फिल्म को थिएटर में रिलीज किया जाए। वे इसे बड़े पर्दे पर देखना चाहते थे। अब हम उन्हें ये मौका दे रहे हैं कि वे फिल्म को बिग स्क्रीन पर भी एंजॉय कर सकें।

मनोज का कहना है कि फिल्में पहले सिनेमाघरों में रिलीज होती हैं, उसके बाद ओटीटी पर आती हैं, लेकिन ये पहली फिल्म है, जो ओटीटी से होकर बड़े पर्दे पर जा रही है।

मनोज ने कहा- मुझे लगता है कि हमारे इस कदम से लोगों के सोचने का नजरिया बदलेगा। मुझे लगता है कि इन दोनों मीडियम को (ओटीटी और थिएटर्स) एक दूसरे के कंपटीशन की तरह नहीं बल्कि एक दूसरे के साथ काम करना चाहिए।

फिल्म के कलेक्शन की चिंता करना प्रोड्यूसर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स का काम

मनोज ने कहा कि फिल्म कितनी कमाई कर रही है, वो इस फिल्म के लिए सेकेंडरी हो गया है। उन्होंने कहा- जब ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई तो किसी ने इसके नंबर्स के बारे में बात नहीं की।

अब जब फिल्म थिएटर्स में रिलीज हो गई है तो लोग इसके क्राफ्ट, क्रिएटिविटी और कैमरा वर्क के बारे में बात करेंगे। फिल्म का कलेक्शन कितना है, ये सब सोचना प्रोड्यूसर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स का काम है।

हुक्का बार में काम करती थीं नोरा फतेही: स्ट्रगल के दौर पर बोलीं - 'हर रोज खुद को कमरे में बंद कर लेती थी'

नोरा फतेही ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अपने स्ट्रगल के दिनों पर बात की। उन्होंने बताया कि एक दौर में वे हुक्का बार में काम किया करती थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि वे दूसरी लड़कियों की तरह पार्टी नहीं करती थीं बल्कि रोज खुद को एक रूम में बंद करके अपनी स्किल्स पर काम करती थीं। 31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हेलन को अपना आदर्श बताया और कहा कि वे उनकी बायोपिक करना चाहती हैं।

एक इंटरव्यू में नोरा ने बताया कि उन्होंने अपनी बेसिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कई तरह के काम किए। अपनी डांसिंग स्किल्स को और बेहतर बनाने के लिए उन्होंने हुक्का बार में भी काम किया है। नोरा बोलीं- 'मुझे जो भी मौके मिले एकदम आखिरी वक्त पर मिले और मैं शुक्रगुजार हूं कि मैं हर मौके के लिए पहले से ही तैयार थी।'

नोरा ने कहा, 'मैं घर से बाहर नहीं जाती थी। बाकी लड़कियों की तरह पार्टी नहीं करती थी। खुद को हर रोज एक कमरे में बंद करके अपनी हिंदी पर काम करती थी और टीवी देखकर डांस प्रैक्टिस करती थी। इसके चलते मैंने अपने भाई की शादी, उसका बर्थडे और बहुत कुछ मिस किया। कई लोग मुझसे पूछा करते थे- 'क्या तुम अगली कटरीना कैफ बनना चाहती हो?'

इसी इंटरव्यू में नोरा ने बताया कि वे हेलन को अपना आदर्श मानती हैं। नोरा ने कहा, 'मैं अक्सर स्टेज पर जाने से पहले हेलन के डांस वीडियो देखा करती थी। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। अगर मुझे कभी उनकी बायोपिक करने का मौका मिला तो मैं खुद को खुशकिस्मत समझूंगी।'

चारु असोपा ने ननद सुष्मिता सेन को बताया फाइटर: बोलीं- उन्होंने हार्ट अटैक के बारे में किसी को नहीं बताया, जियाना में उनके कई गुण हैं

सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन और एक्ट्रेस चारू असोपा के तलाक की आखिरी सुनवाई 8 जून को होने वाली है। हालांकि, अभी तक कपल ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है। तालाक की कार्यवाही के बीच चारू ने अपनी ननंद सुष्मिता सेन की हेल्थ के बारे में बात की। चारू ने बताया कि वो अब ठीक हैं और उन्हें फाइटर कहा।

बातचीत के दौरान चारू ने कहा- वो(सुष्मिता) एक फाइटर हैं और हमारे पूरे परिवार को उनपर गर्व है। कोई भी प्रॉब्लम हो, वो उससे लड़ती हैं। वो एक बेहतरीन इंसान हैं। कभी-कभी हमारी बात होती है, कभी-कभी नहीं। लेकिन वो हमेशा मेरे दिल के करीब हैं। हर बार जब मैं उनसे मिलती हूं वो मुझे गले लगा लेती हैं, उनका यह अंदाज इतना खास होता है कि मैं आपको बता भी नहीं सकती।

चारू ने बताया कि उनकी 16 महीने की बेटी जियाना में सुष्मिता के कई गुण हैं। उन्होंने कहा- 'जियाना में उनके कई गुण हैं। वो जितना मजबूत हैं, मुझे जियाना भी उतनी ही मजबूत लगती है।'

परिवार में किसी को भी उनके हार्ट अटैक के बारे में नहीं पता था

चारू ने उस समय को याद किया जब उन्हें सुष्मिता के हार्ट अटैक के बारे में पता चला था। चारू ने कहा- 'इसके बारे में परिवार में से किसी को नहीं पता था,क्योंकि मुझे लगता है कि दीदी ने किसी को नहीं बताया था। जब उन्हें हार्ट अटैक आया तो वो जयपुर में थीं और इससे पहले कि वो किसी को कुछ बतातीं, उन्होंने खुद ही डॉक्टर्स को कॉल कर दिया। जब मुझे यह पता चला तो मैंने अपनी सास को फोन किया और उनसे इसके बारे में पूछा तो उन्होंने मुझे बताया कि अब वो ठीक हैं। किसी ने इस चीज की उम्मीद नहीं की थी और हर कोई हैरान था।'

बता दें कि सुस्मिता सेन को 27 फरवरी को शूटिंग के सेट पर हार्ट अटैक आया था। उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया था जहां उनकी एंजियोप्लास्टी हुई।

मैं चाहती हूं जियाना हमें एक साथ देखे

जियाना के बारे में बात करते हुए राजीव ने कहा- 'जियाना हमारी बेटी है और राजीव उससे मिलने कभी आ सकते हैं। उसके साथ समय बिता सकते हैं। अगर वो चाहें तो मैं जियाना को उनके पास भेज सकती हूं। तो इन चीजों में कोई प्रॉब्लम नहीं है, लेकिन हमारे साथ होने के बारे में मैं क्या ही कहूं।'

उन्होंने आगे कहा, ''मैं चाहती हूं कि जियाना हमें एक साथ देखे, एक दूसरे के प्रति सम्मान रखते हुए देखे। मैं नहीं चाहती कि वह हमें ऐसे रिश्ते में देखे जहां हम दोनों में से कोई खुश न हो और फिर यह बच्चे के लिए भी टॉक्सिक हो जाएगा।

लॉफिंग ज़ोन

एक चोर (दूसरे चोर से)- चलते वक्त तुम्हारा जूता बहुत शोर मचाता है, शायद यह चोरी का है।

दूसरा चोर (पहले चोर से)- ओह! ये बात नहीं है। यदि ऐसा होता तो कोट, पैंट या हैट से भी ऐसी आवाज आती।

☺ ☺ ☺

एक बार विनोद को देखने एक लड़की वाले आए

लड़की वाले (लड़के वाले से)- लड़का क्या काम करता है ?

लड़के वाले (लड़की वाले से) टिम्बर मर्चेंट है।

लड़की वाले - अच्छा फिर तो जंगल के जंगल खरीदता होगा ?

लड़के वाले - जी नहीं।

लड़की वाले - तो क्या वह थोक व्यापारी है।

लड़के वाले - जी नहीं, वह चांदनी चौक में दातून बेचता है।

☺ ☺ ☺

एक बार दो मनचले युवक एक समारोह में खाना खाने चले गए। समारोह के घर वालों ने एक युवक से पूछा- जी हमने आपको पहचाना नहीं, आप कैसे आए हैं?

युवक ने कहा- मैं लड़के वाले की तरफ से हूं। दूसरे युवक से पूछा तो उसने कहा- जी मैं लड़की वालों की तरफ से हूं।

घर वालों ने कहा- खाना बेशक खाओ, लेकिन यहां कोई शादी नहीं हो रही है, हमारे पिता जी की तेरहवीं है आज।

स...स...सन्नाटेदार



सूडोकु नवताल- 5223

★★★★☆ कठिन

	6				9			5
					5	6		
2								
9		8	2					
1				4				3
					6	5		7
								9
		1	8					
3			7				2	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 5222 का हल

5	2	8	3	7	1	4	9	6
9	1	4	6	5	8	2	3	7
3	7	6	4	9	2	5	8	1
1	4	9	7	2	6	8	5	3
6	8	2	5	3	9	7	1	4
7	5	3	8	1	4	6	2	9
8	3	5	1	6	7	9	4	2
4	9	7	2	8	3	1	6	5
2	6	1	9	4	5	3	7	8

काकुरो पहेली - 5223



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

काकुरो - 5222 का हल

MANGAL SENCHA,P.B.NO.3909, BANGALORE-39

शब्दजाल - 5223

सं	ज	य	मां	ज	रे	क	र	अ	झ	क
प	ज	ग	प	डी	रिं	पू	ना	जी	शा	सु
वि	ज	य	व	सं	जे	दि	श	त	ला	नी
वि	कु	र	अ	सी	ब	गां	प	वा	श	ल
ज	ति	म	न	ज	म	र	धी	डे	वी	गा
य	रं	न	प	व	ट	जा	ऐ	क	प	व
ह	र	लां	श	चैं	ज	क	फ	र	ल	स्क
जा	बा	बा	म	म	क	छ	र	र	श	र
रे	स	य	य	व	दि	ने	श	मों	गि	या
द	ज	र	प	ति	रं	र्त	ऐ	बें	प	रु
वि	क	सा	गु	ल	मो	ह	म्म	द	प	क

शब्दजाल में रणजी ट्राफी में तिहरा शतक बनाने वाले 10 नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

विजय मर्चेंट, सुनील गावस्कर, रमन लांबा, संजय मांजरेकर, गुल मोहम्मद, विजय हजारे, वसीम जाफर, दिनेश मोंगिया,अजीत वाडेकर, डी. जे. गांधी

शब्दजाल - 5222 का हल

अष्टयोग - 5223

	6	2			7	5
	25		26	5	40	
4	5	1			2	
	37	6	35		27	3
	3			4	1	
5	33	4	42		26	
2			6	3		4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5222 का हल

6	3	1	5	2	7	4
2	30	4	30	6	30	1
5	2	7	4	1	6	3
3	32	6	39	7	31	2
1	5	3	7	4	2	6
4	31	5	35	5	33	7
7	4	2	6	3	1	5

शब्द पहेली - 5223

बाएँ से दाएँ

1.करीब-करीब-4
5.विरोध का आभास-5
7.नशे में चूर-4
8.नौवां-3
9.हमेशा-2
11.बच्चे का हठ-4
14.व्यवहार-4
16.मर्द-2
18.एक रक्षा मंत्र,बख्तर-3
20.पौशाक धारण करना-4
21.भारी मात्रा में लूटमार-2,3
22.रचना-4

ऊपर से नीचे

1.मोटा कपड़ा-2
2.एक प्रसिद्ध क्रांतिकारी जिन्होंने अंग्रेजों के जमाने में दिल्ली असेम्बली में बम फेंका था-5
3.राज्य के विधान मंडल द्वारा स्वीकृत अधिनियम-3
4.शपथ-3
5.चमकना, व्यक्त होना-3
6.भाव भरा व्यवहार-4
10.दबने या दबाने का भाव-2
12.संबंध, प्रेम-4
13.एक हजार किलोग्राम का वजन-2
15.प्रस्थान करना-3,2
17.उतार, फिसलना-3
18.काले रंग का-3
19.स्वाद लेना-3
22.कीड़ा-2

शब्द पहेली -5222 का हल



मंगल सेंचा, बेंगलोर

फिल्म वर्ग पहेली- 5223



बायें से दायें:-

1. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-3
3. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-2,2,2
6. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-3
8. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-2
10. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-3
13. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-2
14. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-3
15. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-4
17. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-3
21. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-3
23. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-2,2
26. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-2
29. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-5
31. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-2
32. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-3
33. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-2

ऊपर से नीचे:-

1. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-3
2. 'करीब' में बॉबी की नायिका -2
3. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-2
4. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-3
5. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-2
7. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-2,2
9. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-3
11. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-3
12. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-3
15. राजेद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-4
16. 'आवारा' की नायिका कौन थी-3
18. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-3
19. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-2
20. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-2
22. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-1,2
24. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-3
25. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-4
27. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-3
28. रेमो फर्नाडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-3
30. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-2

फिल्म वर्ग पहेली- 5222 का हल

मंगल सेंचा, बेंगलोर